मानसून को देखते हुए विधायक कोठारी ने सिक्योर कंपनी अधिकारियों की बैठक ली

विधायक अशोक कुमार कोठारी ने कार्यालय में सिक्योर कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक ली।

■ शहर के लगभग 80 फीडर प्रभावित हुए तथा 14 विद्युत पोल क्षितग्रस्त हो गए, जिनमें एक कंपोजिट पोल एवं एक स्टील पोल शामिल हैं

भीलवाड़ा(निसं)। भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने वर्षा ऋतु के मद्देनजर अपने कार्यालय में सिक्योर कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर हाल ही में आए आंधी-तूफान एवं वर्षा से विद्युत तंत्र को हुए नुकसान की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में शीघ्र मरम्मत कार्य पूर्ण कर उपभोक्ताओं को तत्काल राहत प्रदान करने तथा मानसून के दौरान विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए।

बैठक में सिक्योर कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि भीलवाड़ा शहर में कुल 123 फीडरों के माध्यम से विद्युत आपूर्ति की जाती है। 13 जून को आए भीषण आंधी-तूफान के कारण शहर के लगभग 80 फीडर प्रभावित हुए तथा 14 विद्युत पोल क्षितग्रस्त हो गए, जिनमें एक कंपोजिट पोल एवं एक स्टील पोल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त करीब 40 पेड़ विद्युत लाइनों पर गिर गए, जिनमें 36 पेड़ एचटी लाइन तथा 4 पेड़ एलटी लाइन पर गिरे। इस कारण लगभग 75 हजार उपभोक्ता प्रभावित हुए। अधिकारियों ने बताया कि एवीवीएनएल एवं सिक्योर की संयुक्त टीमों ने युद्धस्तर पर कार्य करते हुए अधिकांश क्षेत्रों में 4 से 6 घंटे के भीतर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी थी। शेष 99 प्रतिशत व्यक्तिगत शिकायतों का समाधान 14 जून प्रातः 10 बजे तक कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों का भी 15 जून सायं तक क्षितग्रस्त खंभों की मरम्मत कर निस्तारण कर दिया गया। सिक्योर कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में ऐसी परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए फीडर एवं डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मरों का नियमित रखरखाव, एलटी लाइनों का सुधार कार्य, लोड बैलेंसिंग तथा लो-वोल्टेज शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया निरंतर जारी है। वर्तमान में सामान्य दिनों में नो पावर से संबंधित लगभग 90 प्रतिशत शिकायतों का समाधान 45 मिनट के भीतर तथा शेष शिकायतों का निस्तारण चार घंटे के भीतर किया जा रहा है। विधायक कोठारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन, सामग्री एवं तकनीकी दल तैयार रखें। उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान किया जाए। साथ ही नागरिकों से भी खराब मौसम के दौरान विद्युत सुरक्षा संबंधी सावधानियां बरतने की अपील की गई। बैठक में एडवोकेट अर्पित कोठारी, गजेंद्र सिंह राठौड़, बाबूलाल टाक, संजय राठी, कमल कोठारी, राजकुमार ईनाणी, दिनेश सुथार एवं पृथ्वीराज सिंह उपस्थित थे।

गौ सेवा कर दिया जीव दया का संदेश

अजमेर(निसं)। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर महावीर इंटरनेशनल पद्मावती की ओर से माकड़वाली रोड स्थित भक्ति धाम के निकट गौ माताओं को हरा चारा खिलाकर सेवा कार्य किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से जीव दया, करुणा और मानवता का संदेश दिया गया। संस्था की चेयरपर्सन निक्की जैन ने बताया कि संगठन समय-समय पर समाजसेवा और पुण्य कार्यों का आयोजन करता रहा है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे।

उन्होंने कहा कि बेजुबान पशुओं की सेवा करना मानवता का सर्वोच्च धर्म है। इससे समाज में संवेदनशीलता और करुणा की भावना का विकास होता है। महावीर इंटरनेशनल रीजन-3 के उपनिदेशक (प्रचार-प्रसार) कमल गंगवाल ने कहा कि पुरुषोत्तम मास में किए गए सेवा कार्यों का विशेष आध्यात्मिक महत्व है। गौ सेवा भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपरा है और इसे आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में सुमन राव, मोनिका ढलवाल, कांता सिंह, बीना सांखला, गौरी नरूका और बीना शर्मा ने सक्रिय सहयोग दिया।

राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में महाराणा प्रताप जयंती नमन किया

■ कुलपति ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना समय की आवश्यकता है

अजमेर(निसं)। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में महाराणा प्रताप जयंती श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार ने मेवाड़ के वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति उनके समर्पण को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

अपने संबोधन में कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने कहा कि भारतीय इतिहास के महान राष्ट्रनायकों में महाराणा प्रताप का स्थान अत्यंत ऊंचा है। उन्होंने कहा कि समाज उन व्यक्तित्वों को लंबे समय तक याद रखता है जिन्होंने राष्ट्र, समाज और मानवीय मूल्यों के लिए अपना जीवन समर्पित किया हो। महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, संघर्ष और राष्ट्रनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण करना भी है। सत्य, न्याय, स्वाभिमान और कर्तव्यनिष्ठा जैसे मूल्यों से युक्त नागरिक ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। युवाओं को महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहिए। कुलपति ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना समय की आवश्यकता है। ऐसे आयोजन केवल अतीत का स्मरण नहीं कराते, बल्कि वर्तमान को दिशा और भविष्य को प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों और मूल्यों पर अडिग रहना ही वास्तविक सफलता का आधार है।

प्रभारी कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी प्रदीप अग्रवाल ने महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने स्वतंत्रता और सम्मान के मार्ग को नहीं छोड़ा।

अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. डी.सी. शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप राजस्थान के शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक हैं।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। संचालन जनसंपर्क अधिकारी अनुराधा मित्तल ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आनंद भालेराव, प्रभारी कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी प्रदीप अग्रवाल, अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. डी.सी. शर्मा, विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, शिक्षक,

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक (बिजली टीआरओ), उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्य के लिये दी गई तिथि को 15:00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या** : DRM-Elect.-TRO-01-2026-27 Date 12.06.2026 **कार्य का नाम** : Work of installing Anti Bird Net, including materials at the Electric Loco Trip Shed, Ajmer. **अनुमानित लागत** : रू. 8,90,487/- **बयाना राशि** : रू. 17,800/- **ई निविदाये बंद होने की तिथि** : 06.07.2026 उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट का पता - www.ireps.gov.in

880-DE/26

हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें

वर्द्धमान शिक्षण समिति को हांगकांग में एशिया अवॉर्ड्स ऑफ एक्सीलेंस मिला

समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख के 8 दिवसीय हांगकांग यात्रा से स्वदेश लौटने पर वर्द्धमान परिवार ने किया हार्दिक अभिनंदन।

■ डॉ नरेन्द्र पारख को भास्कर द्वारा हांगकांग में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी द्वारा आकर्षक स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया

ब्यावर (निसं)। महिला शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट दर्जा प्राप्त श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित शैक्षिणक संस्थानों को विभिन्न स्तर पर अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त होने का गौरव प्राप्त है। इसी श्रृंखला में पारम्परिक पाठ्यक्रम से हट कर कौशल विकास विषय संचालित कर अत्याधुनिक सुविधाओं के अनवरत प्रदान करने में विख्यात श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख को भास्कर द्वारा हांगकांग में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी द्वारा आकर्षक स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

अनेकों देशों की सौहार्द्र यात्रा संपन्न कर चुके श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री शिक्षा मित्र डॉ नरेन्द्र पारख ने इस विशिष्ट पुरुस्कार को वर्द्धमान ग्रुप के समस्त कार्यकर्ताओं को समर्पित करते हुए बताया कि समिति अंतरराष्ट्रीय स्तर की साधन सुविधाओं के साथ शैक्षिणक उन्नयन हेतु सदैव कटिबद्ध है। वैश्विक स्तर की प्रमुख अधिस्वीकृत संस्थाओं से परस्पर सम्बन्ध स्थापित कर अनुप्रमाणन प्राप्ति से स्थानीय प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध हो सकेगा। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर के अध्यक्ष सुनील खेतपालिया, शैक्षिणक निदेशक डा आर सी लोढ़ा सहित समिति पदाधिकारियों ।

मसूदा में आज शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरं लगेंगे

मसूद(निसं)। आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 18 जून को शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अक्षय राजपुरोहित ने बताया कि नगर पालिका परिसर में शहरी सेवा शिविर आयोजित होगा, जबकि पंचायत समिति क्षेत्र की जीवाणा और झांक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर लगाए जाएंगे। विकास अधिकारी संदेश पाराशर ने बताया कि शिविरों में 22 विभागों से संबंधित कार्यों का निस्तारण किया जाएगा। इनमें राजस्व, पंचायती राज, चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, विद्युत, जलदाय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास तथा श्रम विभाग सहित अन्य विभाग शामिल हैं। शिविरों का उद्देश्य मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना।

जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में पांच दिवसीय योग शिविर शुरू

अजमेर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में बुधवार से पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. अनिल सामरिया ने किया।

इस अवसर पर डॉ. सामरिया ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की एक वैज्ञानिक पद्धति है। उन्होंने सभी चिकित्सकों, नर्सिंग कर्मियों और विद्यार्थियों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ आयु वृद्धि के लिए योग' को अपनाकर व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से अधिक स्वस्थ रह सकता है।

कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. श्याम भूतड़ा, डॉ. विकास सक्सेना, डॉ. विजयलता रस्तोगी, डॉ. गरिमा अरोरा, डॉ. मणिराम कुमार, डॉ. एम.पी. शर्मा, डॉ. जी.सी. मीणा, डॉ. महेंद्र खन्ना, डॉ. अमित यादव एवं निमिष दवे सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक, रेजिडेंट चिकित्सक तथा नर्सिंग कर्मचारी उपस्थित रहे। योगाभ्यास का संचालन विवेकानंद केंद्र के योग प्रशिक्षक अंकुर प्रजापति एवं जितेंद्र ने किया। शिविर के दौरान विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया जाएगा।

शिविर का उद्घाटन प्रधानाचार्य व नियंत्रक डॉ. अनिल सामरिया ने किया।

M/S GORI & GORI MARBLE MINES BORAWAR

MINE NO 04/2011BORAWAR KUMHARI RANGE, BORAWAR, PIN-341502, TEHSIL-MAKRANA, DIST-DIDRA ROCHAMAN (RAJ)

दिनांक- 23.03.2026

-प्रेस विज्ञप्ति-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स गौरी एण्ड गौरी मार्बल माईन्स बोरावड भागीदारी पंजीयन सं. 17/20/2013/184 के साझेदार श्री निजामुदीन पुत्र श्री हाजी नूर मोहम्मद की मृत्यु दिनांक 05.04.2025 को हो गई थी उनके स्थान पर उनके पुत्र श्री मोहम्मद रफीक पुत्र श्री निजामुदीन दिनांक 05.04.2025 को इस फर्म में नये भागीदार के रूप में आ रहे है। तथा श्री इस्लामुदीन पुत्र श्री निजामुदीन गौरी श्री नवाब अली पुत्र श्री सत्तार मोहम्मद श्रीमति मोहनी देवी पत्नि श्री हुकमा राम श्री देवेन्द आंवला पुत्र श्री श्रवण राम आवंला श्री अब्दुल हमीद पुत्र श्री सतार मोहम्मद उक्त फर्म में साझेदार के रूप में यथावत रहे है। जिसके सबंध में साझेदारी विलेख में आवश्यक परिवर्तन सभी पक्षकारो की सहमति से कर दिया गया है। यह सूचना जनता के लिए प्रकाशित है। किसी को कोई एतराज हो तो रजिस्ट्रार ऑफ फर्म, जिला डीडवाना कुचामन में अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन के 7 दिनो के अन्दर अन्दर दर्ज करावे।

-मैसर्स गौरी एण्ड गौरी मार्बल माईन्स बोरावड

किडनी रोगियों का नि:शुल्क डायलिसिस कराया

अजमेर, (निसं)। सेवा और मानवता के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत लायंस क्लब अजमेर आस्था ने दो जरूरतमंद किडनी रोगियों का नि:शुल्क डायलिसिस करवाकर उन्हें राहत प्रदान की है। क्लब के सहयोग से वरुण सागर रोड निवासी 36 वर्षीय प्रतीक सिंह तथा ग्राम भेरूंदा निवासी रघुवीर सिंह का पारस यूरोलॉजी अस्पताल में सफलतापूर्वक नि:शुल्क डायलिसिस कराया गया। क्लब अध्यक्ष लायन मुकेश कर्णावट ने बताया कि यह सेवा कार्य समाजसेवी महेंद्र कोठारी और अहम बलहट के सहयोग से चिकित्सा सहायता परियोजना के अंतर्गत सम्पन्न हुआ। इस पहल से दोनों मरीजों और उनके परिवारों को आर्थिक राहत मिलने के साथ समय पर उपचार उपलब्ध हो सका।

प्रतिभागियों ने लोक संस्कृति के रंग बिखेरे

अजमेर, (निसं)। संस्कार भारती अजयमेरु के तत्वावधान में वैशाली नगर स्थित एचकेएच स्कूल में आयोजित 11 दिवसीय लोक नृत्य प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह बुधवार को सावित्री राजकीय बालिका विद्यालय के मुख्य सभागार में उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता डॉ. सुरेश बबलानी ने की।संस्था के प्रचार प्रमुख राजेंद्र गांधी ने बताया कि लोकनृत्य विद्या प्रमुख अशोक शर्मा एवं वैशाली जैन के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने लोक नृत्य की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह में प्रशिक्षार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। कार्यक्रम संयोजक महेंद्र जैन मित्तल ने बताया कि शिविर में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ हनुमान दयाल बंसल, महिला सशक्तिकरण की प्रांतीय सभापति लायन आभा गांधी, लायन अंशु बंसल, राजेंद्र पाटनी एवं करणसिंह जोधा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। संस्कार भारती के अध्यक्ष डॉ. प्रताप पिंजानी ने आयोजन की सफलता में योगदान देने वाले सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि मंच सज्जा की जिम्मेदारी नवीन शर्मा एवं योगबाला ने निभाई।

कार्यालय ग्राम पंचायत दादिया पंचायत समिति अरांई , जिला-अजमेर(राज.)

क्रमांक: ग्रा.प.दा./2026/40 — आपत्ति आमंत्रण सूचना — दिनांक: 17.06.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दादिया के विभिन्न राजस्व ग्रामों के मकानों/भूखण्ड के पट्टों हेतु आवेदन प्राप्त हुए है जिनके पंचायती राज नियम 157(7) व अन्य नियमों के तहत पट्टे जारी किया जाना प्रस्तावित है जिन पर आपत्तियां आमंत्रित की जाती है ग्रामीण सेवा शिविर कैंप के दौरान यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति है तो 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत होकर देवे। बाद मियाद गुजरने पर किसी भी व्यक्ति की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

क्र.सं.	आवेदक का नाम/पति/पिता	जाति	ग्राम	वि.वि
1	गोपी पुत्र मिश्री लुहार	लुहार	दादिया	मिसल पत्रावलीनुसार
2	प्रेम पत्नि कानाराम जाट	जाट	दादिया	मिसल पत्रावलीनुसार
3	पुष्पा पत्नि जसराज चौधरी	जाट	दादिया	मिसल पत्रावलीनुसार
4	महेन्द्र पुत्र छोटू खटीक	खटीक	दादिया	मिसल पत्रावलीनुसार
5	प्रहलाद पुत्र जयराम भील	भील	दादिया	मिसल पत्रावलीनुसार
6	प्रदीप पुत्र प्रहलाद भील	भील	दादिया	मिसल पत्रावलीनुसार
7	सत्यनारायण पुत्र प्रहलाद भील	भील	दादिया	मिसल पत्रावलीनुसार
8	राधा पत्नि प्रहलाद भील	भील	दादिया	मिसल पत्रावलीनुसार
9	सियाराम रेगर/भागचंद रेगर	रेगर	दादिया	मिसल पत्रावलीनुसार
10	भागचंद खोखर पुत्र उगमा खोखर	जाट	दादिया	मिसल पत्रावलीनुसार
11	रा.उ.मा.वि. दादिया	-	दादिया	मिसल पत्रावलीनुसार
12	महावीर पुत्र गणेश माली	माली	दादिया	मिसल पत्रावलीनुसार
13	जीतराम चौधरी पुत्र बालू चौधरी	जाट	दादिया	मिसल पत्रावलीनुसार
14	रा.उ.प्रा.वि. हरपुरा	-	हरपुरा	मिसल पत्रावलीनुसार

नोट- उपरोक्त सुचीनुसार यदि पूर्व में किसी स्तर से कोई पट्टा जारी हो किसी प्रकार का आपसी भाई बंटवार और विवाद हो या किसी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो या किसी भी पड़ौसी व्यक्ति,संस्था, सरकारी विभाग को उपरोक्त सूची के आवेदनकर्ताओं के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो आपत्ति होने की तारीख से 07 दिवस के भीतर ग्राम पंचायत कार्यालय में आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद मियाद किसी भी कार्यवाही के लिए ग्राम पंचायत जिम्मेदार नहीं रहेगी और न ही किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यदि पूर्व में पट्टे पर पट्टा जारी होने पाया जाता है तो पूर्व में जारी पट्टा स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी पट्टाधारी की होगी एवं पट्टाधारक कानूनी कार्यवाही के लिए जिम्मेदार होगा एवं समस्त जिम्मेदारी आवेदनकर्ता की होगी। अतः सूचित रहे।

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत दादिया, पं.स.अराई, जिला अजमेर

प्रशासक, ग्राम पंचायत दादिया, पं.स.अराई, जिला अजमेर

आम सूचना

मेरे देवर राजू पुत्र स्व. अर्जुन जाति मीणा निवासी परासिया मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास अविवाहित अवस्था में दिनांक 6 जून 1993 को मेरे पैत्रक निवास स्थान परासिया, मदनगंज- किशनगढ़ जिला अजमेर पर हो गया है, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे। प्रार्थिया सीता देवी पत्नी पप्पूलाल

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

लोक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि देवेन्द्र सिंह शेखावत पुत्र स्व. श्री गुलाबसिंह शेखावत निवासी कबीर नगर कबीर आश्रम के पास लोहागल के खसरा नंबर पुराना 272 नया 557/1806 जिसका क्षेत्रफल 911.06 वर्गगज कुल 1 भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी। -उपायुक्त (उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

लोक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शंकरलाल पुत्र जयराम निवासी ग्राम पीलवा तहसील परबतसर अजमेर राजस्व ग्राम लोहागल के खसरा नम्बर 1519 पुराना, 562 नया प्लॉट नं. 4 ए जिसका क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज कुल 1 भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी। -उपायुक्त (उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

लोक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि देवेन्द्र सिंह शेखावत पुत्र स्व. श्री गुलाबसिंह शेखावत निवासी कबीर नगर कबीर आश्रम के पास लोहागल के खसरा नंबर पुराना 264, 265 नया 573 पुराना 266 नया 572/1811 भू.सं. 18 ए जिसका क्षेत्रफल 150.00 वर्गगज भू.सं. 19 ए जिसका क्षेत्रफल 167.50 वर्गगज कुल 2 भूखंडों की पत्रावली नियमन हेतु प्रकियाधीन है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी। -उपायुक्त (उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

रामचंद्र चौधरी ने 'म्हारो खातो म्हारो बैंक' अभियान को दिखावा बताया

अजमेर, (निसं)। अजमेर डेयरी के अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने राजस्थान सहकारिता विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए 'म्हारो खातो म्हारो बैंक' अभियान को केवल दिखावटी प्रयास बताया है। उन्होंने कहा कि जब तक सहकारी बैंकों का बुनियादी ढांचा मजबूत नहीं किया जाता, तब तक ऐसे अभियानों से किसानों और ग्रामीण उपभोक्ताओं को कोई वास्तविक लाभ नहीं मिलने वाला।

चौधरी ने कहा कि सहकारिता विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर नए खाते खुलवाए जा रहे हैं, लेकिन बैंकिंग सुविधाओं की स्थिति बेहद कमजोर है। उनका आरोप है कि यह अभियान केवल आंकड़े बढ़ाने और उच्च अधिकारियों को संतुष्ट करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने अजमेर केंद्रीय सहकारी बैंक की स्थिति का उदाहरण देते हुए कहा कि जिले में राष्ट्रीयकृत और व्यावसायिक बैंकों की लगभग 365 शाखाएं कार्यरत हैं, जबकि सहकारी बैंक की मात्र 13 शाखाएं हैं। ऐसे सीमित नेटवर्क के साथ ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रभावी बैंकिंग सेवाएं पहुंचाना चुनौतीपूर्ण है।

रामचंद्र चौधरी ने कहा कि अधिकांश दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियां और ग्रामीण क्षेत्र बैंक शाखाओं से 15 किलोमीटर या उससे अधिक दूरी पर स्थित हैं। किसानों और दुग्ध उत्पादकों को नकद लेन-देन के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। साथ ही रास्ते में चोरी, लूटपाट या अन्य अप्रिय घटनाओं का जोखिम भी बना रहता है। उन्होंने विभाग के आधुनिकीकरण के दावों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि आज डिजिटल भुगतान और त्वरित बैंकिंग के दौर में भी कई शाखाओं में समुचित इंटरनेट सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसके कारण उपभोक्ताओं को बैंकिंग सेवाओं का लाभ समय पर नहीं मिल पाता। चौधरी के अनुसार, कई शाखाओं में ग्राहकों को अपनी जमा राशि निकालने के लिए कई दिनों तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है। इसके अलावा पर्याप्त कर्मचारियों और नकदी की कमी के कारण भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रभावी निगरानी और नियमित लेखा परीक्षण के अभाव में सहकारी संस्थाओं में वित्तीय अनियमितताओं की आशंका बनी रहती है। ऐसी स्थिति में लोगों का विश्वास बनाए रखना कठिन हो जाता है। अंत में उन्होंने राज्य सरकार और सहकारिता विभाग से मांग की कि पहले बैंकिंग ढांचे को मजबूत किया जाए।

मेमना नर्सरी इकाइयों के वितरण से ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल



आरसीडी समाजसेवी संस्था द्वारा संचालित प्रगति परियोजना के तहत मेमना नर्सरी इकाइयों का वितरण किया गया।

अजमेर, (निसं)। ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से दिशा आरसीडी समाजसेवी संस्था द्वारा संचालित प्रगति परियोजना के तहत मेमना नर्सरी इकाइयों का वितरण किया गया।

उपखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कुल 42 महिलाओं को दो-दो मेमने प्रदान किए गए। इनमें दो बकरियां, दो बकरे अथवा एक बकरा और एक बकरी शामिल हैं। लाभार्थी महिलाएं कालबेलिया, गाड़िया लोहार, भील, नायक, हरिजन तथा अन्य वंचित समुदायों से संबंधित हैं। संस्था ने बताया कि बकरी पालन को स्वरोजगार का प्रभावी माध्यम बनाकर महिलाओं की आय बढ़ाने और परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत करने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक परियोजना के माध्यम से 102 परिवारों को 204 मेमनों का वितरण किया जा चुका है।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को पशुपालन संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया। फील्ड समन्वयक गिरिश केसवानी ने आवास प्रबंधन, पोषण, चराई व्यवस्था, स्वास्थ्य देखभाल, टीकाकरण तथा नियमित वजन परीक्षण के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्था के विभिन्न समन्वयक, समुदाय प्रतिनिधि तथा करीब 97 ग्रामीण उपस्थित रहे।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

उदयपुर (मुख्य) शाखा, पोस्ट बॉक्स नं. 11, टाउन हॉल, उदयपुर-313001 (राजस्थान)
फोन नं.: 0294-2410226, 2422148, 2420671, 2421673, ई-मेल: udaipu@bankofbaroda.com

मांग सूचना-सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत

निम्नांकित ऋणियों एवं जमानतदारों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उन्होंने बैंक से लिए गए ऋण की किश्तों एवं उसके ब्याज का समय पर भुगतान नहीं किया अत: उनका खाता एन.पी.ए. में वर्गीकृत हो गया हैं। बैंक द्वारा सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत उनको बैंक रिकॉर्ड के अनुसार उनके अन्तिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किए गए थे जो कि उनके द्वारा प्राप्त नहीं किए जाने के फलस्वरूप पुन: लौटकर आ गए हैं। अत: उनको इस सामान्य नोटिस के द्वारा उक्त अधिनियम के तहत इस बारे में सूचित किया जाता है:

ऋणियों एवं जमानतदारों का नाम एवं पता	प्रतिभूत आस्तियों/बंधक सम्पत्तियों का विवरण	नोटिस 13(2) की दिनांक	बकाया राशि (नोटिस 13(2) के अनुसार)
मैसर्स 7 हॉर्सेस ऑटोमोबाइल्स प्राईवेट लिमिटेड 34-35, वर्धमान कॉम्प्लेक्स, कुंभा नगर के पीछे, सेक्टर-4, हिरण मगरी, उदयपुर, राजस्थान 313002 **निदेशक एवं जमानतदार-** **श्रीमती शकुन्तला पोखरणा पत्नी श्री योगेश चन्द्र पोखरणा** 34-35, वर्धमान कॉम्प्लेक्स, कुंभा नगर के पीछे, सेक्टर-4, हिरण मगरी, उदयपुर, राजस्थान 313002 **श्री तन्मय पोखरणा पुत्र श्री योगेश चन्द्र पोखरणा** 34-35, वर्धमान कॉम्प्लेक्स, कुंभा नगर के पीछे, सेक्टर-4, हिरण मगरी, उदयपुर, राजस्थान 313002 **श्री विनय कौशिक पुत्र श्री शिव कुमार कौशिक** बी-310, रामेश्वरम अपार्टमेंट, मनवा खेड़ा, उदयपुर, राजस्थान 313001 **जमानतदार-** **श्री योगेश चन्द्र पोखरणा पुत्र श्री रतन लाल** वीपीओ नवानिया, वल्लभनगर, उदयपुर, राजस्थान 313601 **श्री राहुल कौशिक पुत्र श्री शिव कुमार कौशिक** 54, फैक्ट्री एरिया, भीलवाड़ा, राजस्थान **श्री गिरीश कौशिक पुत्र श्री शिव कुमार कौशिक** 54, फैक्ट्री एरिया, भीलवाड़ा, राजस्थान	(1) श्री विनय कुमार कौशिक पुत्र श्री शिव कुमार कौशिक के नाम साम्यिक बंधक दिनांक 08.07.2020 प्लॉट संख्या 54 के हिस्से पर निर्मित मकान का "द्वितीय एवं तृतीय तल", जिसका क्षेत्रफल क्रमश: 1200 वर्ग फीट एवं 181.60 वर्ग फीट है, जिसमें प्रथम तल से लेकर ऊपर तक (स्काई मार्क तक) का हिस्सा शामिल है, जो फैक्ट्री एरिया (पेच एरिया), भोपालगंज, भीलवाड़ा, राजस्थान पर स्थित है। सीमाएं- पूर्व: श्री लालू प्रसाद कौशिक की संपत्ति, पश्चिम: श्री शांति लाल सोनी की संपत्ति, उत्तर: रोड 60 फीट चौड़ी, दक्षिण: गली 15 फीट चौड़ी **क्षेत्रफल 111.484 वर्ग मीटर।** (2) श्री राहुल कौशिक पुत्र श्री शिव कुमार कौशिक के नाम साम्यिक बंधक दिनांक 08.07.2020 प्लॉट संख्या 54 के हिस्से पर भूतल पर 5.5*30' अर्थात 165 वर्ग फीट की एक दुकान और प्रथम तल पर 40'*30' अर्थात 1200 वर्ग फीट का बना हुआ मकान जो फैक्ट्री एरिया (पेच एरिया), भोपालगंज, भीलवाड़ा, राजस्थान पर स्थित है। सीमाएं- पूर्व: श्रीमती गीता की संपत्ति, पश्चिम: श्री गिरीश कौशिक की संपत्ति, उत्तर: रोड 60 फीट चौड़ी, दक्षिण: गली 15 फीट चौड़ी **क्षेत्रफल 111.484 वर्ग मीटर।** (3) श्री गिरीश कौशिक पुत्र श्री शिव कुमार कौशिक के नाम साम्यिक बंधक दिनांक 08.07.2020 प्लॉट संख्या 54 के हिस्से पर भूतल पर एक दुकान जिसका क्षेत्रफल 9.1*30' अर्थात 273 वर्ग फीट जो फैक्ट्री एरिया (पेच एरिया), भोपालगंज, भीलवाड़ा, राजस्थान पर स्थित है। सीमाएं- पूर्व: श्री वासुदेव की संपत्ति, पश्चिम: श्री राहुल कौशिक की संपत्ति, उत्तर: रोड 60 फीट चौड़ी, दक्षिण: गली 15 फीट चौड़ी **क्षेत्रफल 25.363 वर्ग मीटर।** जरिये डीड संख्या- 201503026102857, 201503026102858 एवं 201503026102859	04.06.2026 गैर निष्पादक आस्ति (एनपीए) दिनांक: 01.06.2026	दिनांक 04.06.2026 को बकाया राशि रू. 1,67,42,889.67 (रूपये एक करोड़ सड़सठ लाख बयालीस हजार आठ सौ नवासी एवं पैसे सड़सठ मात्र) (दिनांक 31.05.2026 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य खर्चे आदि।

इस नोटिस के द्वारा उक्त ऋणियों एवं जमानतदारों के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही करते हुए उक्त उधारकर्ताओं/जमानतदारों को उक्त बकाया राशि इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिवस के भीतर पुनर्भुगतान हेतु आगाह किया जाता है, अन्यथा साठ (60) दिवस की समाप्ति के पश्चात सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत वसूली कार्यवाही की जाएगी। ऋणियों एवं जमानतदारों को यह भी सलाह दी जाती हैं कि वे बैंक के अधोहस्ताक्षरकर्ता/प्राधिकृत अधिकारी से किसी भी कार्य दिवस पर 13(2) के अन्तर्गत जारी नोटिस की मूल प्रति प्राप्त कर लेवें।

कर्जदारों/जमानतदारों का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

दिनांक: 17.06.2026
स्थान: उदयपुर

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी